प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी के बाद वसुंधरा राजे भी बीकानेर पहुंची

जोशी और राजे दोनों ही सिद्धि कुमारी के यहां पहुंचे, लेकिन अलग-अलग

बीकानेर, (कासं)। विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही भाजपा एक्शन मोड में आ गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री भी बीकानेर पहुंची। भाजपा के दोनों वरिष्ठ नेता बुधवार को बीकानेर में थे लेकिन आमने-सामने नहीं हुए। प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे दोनों ही विधायक सिद्धि कुमारी के यहां शोक व्यक्त करने तो पहुंचे लेकिन अलग-अलग गए। बीकानेर पूर्व से विधायक सिद्धि कुमारी की दादीसा पूर्व राजमाता सुशीला कुमारी के निधन पर उनके आवास शिव विलास पहुंचकर श्रद्धाजंलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। शोक संतप्त परिवारजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। काफी देर तक राजे ने सिद्धिकुमारी से बातचीत की।

राजे के यहां पहुंचने से पहले ही जोशी बीकानेर से देशनोक होते हुए नागौर के लिए निकल लिए। भाजपा के जनआक्रोश घेराव में हिस्सा लेने आये सी.पी. जोशी ने रात्रि विश्राम बीकानेर में ही किया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बीकानेर पहुंची तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। नई दिल्ली से राजे विमान से बीकानेर आई। यहां सिविल हवाई अड्डे पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसमें कोलायत के पूर्व विधायक देवीसिंह भाटी भी शामिल थे। भाटी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। बड़ी संख्या में लोग भाटी के साथ थे। इसके अलावा नगर विकास न्यास के पूर्व चेयरमैन महावीर रांका भी हवाई अड्डे पहुंचे। राजे के साथ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ और युनूस खान और राजपाल सिंह शेखावत व पूर्व संसदीय सचिव विश्वनाथ मेघवाल भी मौजूद थे। सिद्धिकुमारी से मुलाकात के बाद राजे ने लालगढ़ पैलेसे में ही आराम किया। दो दिन में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ भी बीकानेर आये। जन आक्रोश घेराव में वे प्रदेशाध्यक्ष जोशी के साथ थे। बीकानेर के सांसद और पूर्व मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी इस कार्यक्रम में काफी सक्रिय नजर आये। लूणकरनसर विधायक सुमित गोदारा और नोखा विधायक बिहारी लाल बिश्नोई भी सी.पी. जोशी के साथ रहे।



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने विधायक सिद्धी कुमारी से बातचीत की।

- **दोनों ने ही राजमाता सुशीला कुमारी को श्रद्धांजलि देकर परिजनों को ढांढस बंधाया**

वसुंधरा राजे से मिलने सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व प्रशंसक भी शिव विलास पहुंचे। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, मोहन सुराणा, राजेन्द्र पंवार, महावीर रांका, अरुण जैन,भगवान सिंह मेड़तिया, मनीष सोनी, आनंद सिंह भाटी, सुशील शर्मा, नरसिंह सेवग, अजय खत्री, विनोद करोल, करण प्रताप सिसोदिया, रघुराज सिंह राठौड़, हुकमचंद कांटा, गजेन्द्र राठौड़, पवन चांडक, सुमन छाजेड़, छाया गुप्ता, मधुरिमा सिंह, मांगीलाल बिश्नोई, संजय गुप्ता, फारूक चौहान, हिमांशु शर्मा, जितेन्द्र भाटी, अनूप गहलोत के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा को दो महीने के लिए मिली वाई श्रेणी सुरक्षा

11 अप्रैल को पूर्व सांसद बद्री जाखड़ के समर्थकों ने किया था मदेरणा की गाड़ी पर हमला

जयपुर, (का.प्र.)। कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा को सरकार ने वाई श्रेणी की सुरक्षा दी है। इसके लिए जोधपुर के उपमहानिरीक्षक,पुलिस सुरक्षा ने आदेश जारी कर दिया है। आदेशानुसार जोधपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुरक्षा आदेश की पालना कराएंगे। आदेश में लिखा गया है कि विधायक को मिल रही सुरक्षा के अतिरिक्त वाई श्रेणी की सुरक्षा अगले दो माह तक के लिए तुरंत दी जाए।

बताया तो यह जा रहा है कि आदेश पर 12 अप्रैल की तारीख लगी हुई है, जबकि विधायक को सुरक्षा देने के आदेश तब सामने आए हैं, जबकि दिव्या मदेरणा ने बुधवार को डीजीपी से मुलाकात कर अपने ऊपर हुए हमले को लेकर पूरी जानकारी दी। उसके बाद बुधवार को यह आदेश सामने आया। उल्लेखनीय है कि 11 अप्रैल को भोपालगढ़ मार्केटिंग सोसाइटी के चुनाव के तहत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन होना था। उस दिन दिव्या मदेरणा भी एक सदस्य के साथ वहां पहुंची थी। उस दौरान मतदान स्थल पर बद्रीराम जाखड़ के समर्थकों का जमावड़ा था और उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में दिव्या मदेरणा की गाड़ी को घेरकर हमला किया था। उसी दिन बद्रीराम जाखड़ और दिव्या मदेरणा के बीच नोकझोंक की घटना का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें जाखड़ कह रहे हैं कि अगर मेरे हाथ लग गई तो जिंदा नहीं छोडूंगा। यह वीडियो दिव्या ने खुद ट्वीटर पर पोस्ट किया था। उसके बाद विधायक ने सोमवार को कांग्रेस संवाद के दौरान जयपुर में मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी दी थी।

दरअसल पूर्व सांसद ब्रदीराम जाखड़ और दिव्या मदेरणा के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है। इस घटना के बाद जाखड़ ने दिव्या पर कांग्रेस के खिलाफ काम करने का आरोप भी लगाया। साथ ही कहा था कि मेरे बारे में वह अनर्गल बोलती है। हाल ही में हुए जिला प्रमुख चुनाव में भी बद्रीराम की बेटी दावेदार थी, लेकिन दिव्या मदेरणा अपनी मां लीला मदेरणा को जिला प्रमुख बनाने में सफल रही थीं।

नशीली दवा मामले में सजा

हनुमानगढ़, (निसं)। जिले में मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में नशीली दवाइयां बरामद होने के मामले में दोषी को सजा सुनाई। जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए दोषी को 3 साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 1 लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक उग्रसेन नैण ने पैरवी की।

उन्होंने बताया कि 7 फरवरी 2015 को गोलूवाला के राहुल मेडिकल स्टोर (जिसका लाइसेंस पहले निरस्त हो चुका था) पर गोलूवाला पुलिस ने दबिश दी। मेडिकल स्टोर का मालिक जगदीश कुमार पुत्र रतीराम निवासी जाखड़ांवाली पुलिस के आने की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने मेडिकल सीज कर ड्रग इंस्पेक्टर सुखदीप कौर को बुलाया। तलाशी के दौरान मेडिकल स्टोर से बड़ी मात्रा में नशीली दवाइयां मिली। जांच के दौरान पुलिस ने जगदीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया और फिर जांच पूरी होने पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट में जिला एवं सेशन कोर्ट में चालान पेश किया। इसके बाद ट्रायल चला। अब 8 साल बाद जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो ने आरोपी जगदीश कुमार को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

स्टाम्प वेंडर्स का धरना जारी

सरकार द्वारा लागू की गई मोबाईल एप से स्टांप विक्रय करने की योजना को रोकने की माँग

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ उपखण्ड कार्यालय के समस्त स्टांप वेंडर राजगढ (चूरू) ने राज्य सरकार द्वारा लागू की गई मोबाईल एप से स्टांप विक्रय करने की योजना को रोका जाने की माँग करते हुए बुधवार को भी दिनभर अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा।

भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर ने स्टांप वेंडर हडताल को समर्थन देने हुए कहा कि राज्य सरकार यह फैसला वापिस लेना चाहिए। साथ ही उपखण्ड अधिकारी राजगढ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मोबाईल एप से स्टांप विक्रय रोका जाने की माँग कर तीन मांगों को राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। स्टाम्प वेडर विकास ख्यालिया, दलीप सुंडा, सुभाष बगडिया, धर्मपाल दमीवाल, रविन्द्र कुमार, कृष्णा राठौड, विनोद भैरी, सोमवीर पूनियां, नीलम पूनियां, रामदयाल वर्मा, सत्यवीर पूनियां, अजीत सिंह गील, सुरेश कुमार,

- **स्टाम्प वेंडर्स ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा**

हनुमान प्रसाद, सुरेन्द्र पूनियां, सांवर मल दर्जी, रविन्द्र डोरवाल, लीलूराम थिरपाली, अजीज, रमेश प्रजापत, सुरेश आदि ने उपखण्ड अधिकारी राजगढ रणजीत कुमार बिजारणिया को सौंपा।

ज्ञापन में मोबाईल एप से स्टांप विक्रय करने की योजना को रोका जाने, स्टांप विक्रेता की ओर से अर्जीत स्टांप क्रय की राशि सिधे राज कोष में जमा करवाई जाने, जिस तरीके से फिजीकल स्टांप में कमिशन राशि जमा करवाई जाती है, उसी तरह से ई-ग्रास में भी कमिशन काटकर राशि राजकोष में सिधे राजकोष में जमा करवाई जाने की माँग की गई है।

हत्या के प्रयास के आरोपी को जेल

हनुमानगढ़, (निसं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायालय संख्या एक के न्यायाधीश रविप्रकाश सुथार ने बुधवार को पीलीबंगा पुलिस थाना में 2019 में दर्ज हुए हत्या प्रयास के मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी को 7 साल के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक रिछपाल सिंह चहल ने पैरवी की।

अपर लोक अभियोजक रिछपाल सिंह चहल ने बताया कि 2019 में सुपारी देवी निवासी 34 एसटीजी ने पीलीबंगा पुलिस थाने में पर्चा बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज करवाया कि राकेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी 34 एसटीजी ने जान से मारने की नियत से उस पर और उसके बेटों पर बोलेरो गाड़ी चढ़ा दी। पीलीबंगा पुलिस ने पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के बाद आरोपी राकेश कुमार के खिलाफ धारा 323, 341, 325, 307 में मामला दर्ज कर कोर्ट में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 13 गवाह और 15 दस्तावेज कोर्ट में पेश किए। बुधवार को कोर्ट ने आरोपी राकेश कुमार को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। आरोपी को आईपीसी की धारा 323 में 6 महीने के साधारण कारावास, धारा 341 में एक महीने के साधारण कारावास, धारा 325 में 2 साल के साधारण कारावास, 5 हजार रुपए जुर्माना, धारा 307 में सात साल का साधारण कारावास और 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति ईंट भट्टा चलाने पर कार्रवाई

अनूपगढ़, (निसं)। एसडीएम प्रियंका तलानिया ने गांव 7 एपीएम में कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति के ईंट भट्टा संचालित करने पर राज काश्तकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। इस दौरान 1.184 हेक्टर कृषि भूमि को कृषि कार्यों में उपयोग नही करने के कारण कृषि भूमि को राजरकबा भूमि घोषित किया। इस भूमि पर हेमराज पुत्र कुंदन लाल, जाति अग्रवाल, निवासी रायसिंहनगर के द्वारा कृषि कार्यों के अलावा ईट भट्टा संचालित किया जा रहा था। हेमराज के द्वारा लगभग 5 बीघा कृषि भूमि पर ईंट भट्टा संचालित किया जा रहा था और ईंट भट्ठे के लिए इस भूमि में गड्ढे खोदकर मिट्टी भी एकत्रित की जा रही थी।

जानकारी के अनुसार 19 जुलाई 2021 को तत्कालीन तहसीलदार द्वारा अनूपगढ़ के न्यायालय उपखंड अधिकारी के समक्ष गांव 7 एपीएम में कृषि भूमि पर व्यापारिक गतिविधियां करने का प्रकरण दर्ज करवाया गया था। उन्होंने प्रकरण में बताया कि गांव 7 एपीएम में हेमराज पुत्र कुंदन लाल, निवासी रायसिंहनगर के द्वारा कृषि भूमि पर ईट भट्टा संचालित किया जा रहा है। उस भूमि के मालिक के द्वारा कुछ कृषि भूमि का कन्वर्जन भी नहीं करवाया गया है और उस भूमि पर ईंट भट्टा मालिक द्वारा खड्डे खोद कर मिट्टी एकत्रित की जा रही है। उसी भूमि पर ईट भट्टे का पक्का ऑफिस, श्रमिकों की आवास, ईंट भट्टे में जलाने के लिए कचरा लकड़ी एकत्रित कर भूमि का अकृषि कार्यों में प्रयोग किया जा रहा है।

उपखण्ड अधिकारी प्रियंका तलानिया ने इस मामले में सुनवाई करते हुए निर्णय पारित कर उक्त कृषि भूमि जो अकृषि कार्यों में उपयोग हो रही थी उसे रकबा राज घोषित किया। उपखंड अधिकारी ने तहसीलदार को आदेश दिए हैं, कि जिस कृषि भूमि पर बिना कन्वर्जन करवाएं ईंट भट्ठा संचालित हो रहा है उसे राजस्व रिकॉर्ड में रकबा राज किया जाए। उपखण्ड अधिकारी प्रियंका तलानिया ने बताया कि अगर क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति कृषि भूमि को अन्य कायौ में उपयोग में लेता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सुजला जिले की मांग के समर्थन में आज दी जायेगी गिरफ्तारियां

जनहित संघर्ष मोर्चा द्वारा आन्दोलन के तहत कार्यकारिणियों का गठन किया

सुजानगढ़, (निसं)। सुजानगढ़ या सुजला जिला बनाने की मांग के समर्थन में क्षेत्रवासी गुरूवार को सालासर में गिरफ्तारियां देंगे। जनहित संघर्ष मोर्चा द्वारा जिले की मांग को लेकर किए जा रहे आन्दोलन के तहत क्षेत्र के गांवों में कार्यकारिणियों का गठन किया गया।

क्षेत्र के गांव बाघसरा पूर्वी में अध्यक्ष गिरधारीलाल भाकर, बनवारीलाल मेघवाल, शोभासर अध्यक्ष ओम प्रकाश डूडी, सचिव सुरेश मीणा इमरान खान, पूर्व सरपंच सुरेंद्र राव, गुलाब नबी, मुरडाकिया अध्यक्ष सरवन राम बाजिया, मुकेश गोदारा, बनवारी लाल गोदारा, ओमप्रकाश मोहाल, भांगीवाद गुडावडी रामलाल डूकिया, भंवरलाल राव, परमेश्वर मेघवाल, भीमाराम मेहरिया, छोटा खारिया अध्यक्ष जगदीश सिंह, सचिव मोहनलाल मेहरिया, नौरंगसर सूबेदार रतनलाल ढाका, जफर खान, बडा खारिया ओमप्रकाश जाट, जितेंद्र भामू, खेमाराम चायल, नेमीचंद भामु, रूपसिंह, खारिया कनीराम ताराचंद बिजारणिया, सुभाष सामोता, संदीप दूधवाल, जितेंद्र मेघवाल, भरत सिंह, शीशराम बिजारणियां, न्यामा-स्यानन कपिल मेघवाल, मोहर सिंह, खुडी-भीमसर-पार्वतीसर-खोडा आदि गांवों की कार्यकारिणी बना कर जिमेदारी सौंपी गई।

मोर्चा अध्यक्ष एड. रामकुमार मेघवाल ने बताया कि सुजला जिले की मांग को लेकर सालासर के उपतहसील कार्यालय पर गुरूवार को गिरफ्तारियां दी जायेगी। अध्यक्ष एड.रामकुमार मेघवाल के नेतृत्व में कॉमरेड रामनारायण रूलानिया, कॉमरेड दीनदयाल गुलेरिया, गुरुदेव गोदारा, एड. बनवारीलाल बिजरानिया व ललित स्वामी ने अपने साथियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया।

सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग के समर्थन में धरना व अनशन जारी

सुजानगढ़, (निसं)। सुजला जिला बनाने की मांग के समर्थन में सुजला महासत्याग्रह द्वारा गांधी चौक में चल रहा धरना व अनशन बुधवार को भी जारी रहा। मातृ शक्ति राधा आर्य के नेतृत्व में धरने पर मधुसूदन अग्रवाल, मंगतू अली घोसी, विजय पाल, सुजला जिला बनाओ संघर्ष समिति लाडनूं के संयोजक मुस्ताक खान के नेतृत्व में सुजानगढ़ और लाडनूं में जनसंपर्क जारी रहा। जल्द ही लाडनूं में प्रदर्शन करके लाडनूं में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। बीदासर में काफी सालों से सुजला जिला बनाने के आंदोलन में जुडे जय प्रकाश बेंगानी, सालासर में मुकेश कुमार, जसवंतगढ में पूर्णानंद उपाध्याय, जयपुर में शिव शंकर शर्मा, छापर में भजन लाल जांगिड आदि आंदोलन को और प्रभावी बनाने में लगे हुए हैं। चिकित्सकीय टीम ने भूख हडताल पर बैठे विजयपाल के स्वास्थ्य की जांच की।

- **चिकित्सकीय टीम ने भूख हड़ताल पर बैठे विजयपाल श्योराण के स्वास्थ्य की जांच की**

पिछोला में डूबने से दो की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र नाथी घाट पर पिछोला झील में नहाते समय पानी में डूबने से दो किशोर की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सांय अम्बामाता थाना क्षेत्र पिछोला झील नाथी घाट पर नहाते समय भरतपुर निवासी लवकुश पुत्र निर्भय तथा आशीष पुत्र योगेन्द्र की पानी में डूबने से मौत हो गई। दोनों पढ ई करते है तथा स्मार्टसिटी अर्न्तगत संचालित निर्माण कंपनी एलएनटी में मजदूरी करने के लिए मंगलवार को उदयपुर आए थे। दोनों बुधवार सांय नहाने के लिए गए थे। जहां एक जना पानी में उतारा था। उसको डूबता देख बचाने के लिए दूसरा भी पानी में उतरा । एक दूसरे को बचाने के प्रयास में दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई।

मारपीट कर गोली मारने की धमकी

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की रिपोर्ट पर मारपीट करने व गले की तोडने एवं गोली मार देने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। दर्ज प्रकरण में संदीप जाट निवासी वार्ड नं. 15 सुभाष नगर कस्बा राजगढ ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि वह अपने घर पर घर के बाहर खडा था, तभी सांय 7 बजे उसके घर का दरवाजा खोलकर नवीन, आशीष, सचीन निवासी कालरी व जोगेन्द्र निवासी भोजाण चारों आरोपी दो मोटरसाईकिलों पर उसके घर के आगे आये। आरोप है कि आते ही उन्होंने उसे कहा कि हमें शराब पीनी है, हमें शराब की बोतल के रूपये दे, जिस पर उसने कहा कि मैं शराब नहीं पीता हूं एवं ना ही शराब के लिए मैं रूपये दूंगा। तभी उन्होंने उसके साथ थाप मुक्कों से मारपीट करनी शुरू कर दी तथा मारपीट करते समय उनमें से एक आरोपी ने उसके गले में पहनी हुई सोने की चैन तोड ली व कहा कि चैन लेनी है तो शराब के रूपये दे नहीं तो तेरी चैन नहीं मिलेगी। इसी बीच मौके पर उसकी पत्नी रेणू, पडौसी आकाश भाग कर आये व उसे छुडवाया। उसके बाद उनमें से एक उसके घर में जबरदस्ती से अन्दर चला गया तो वह भी उसके पीछे-पीछे ही घर के अन्दर चला गया तो शेष तीनों आरोपी उसके साथ मारपीट करने के लिए पूर्व तैयारी के साथ उसके घर पर जबरदस्ती से घूस गये व उसके कहा कि तेरे को ०5 दिन के अन्दर गोली मार देंगे तुं कही बाहर निकाला तो तुझे जान से मार देंगे। जिसके बाद उसने अपनी चैन वापिस माँगी तो उन्होंने उसे डराया व धमकी दी कि तुँ अब हम तेरे को देख लेंगे, मगर पडोसियों की मदद से उनको बडी मुस्किल से उनको घर से बाहर निकाला। राजगढ थाना पुलिस ने मामला दर्ज अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

करंट से गाय की मौत

हनुमानगढ़, (निसं)। ग्राम पंचायत मटोरियांवाली ढाणी के चक हरिपुरा में देर रात को आए तूफान के दौरान 11 हजार वोल्टेज का विद्युत तार टूटकर नीचे गिर गया। बुधवार सुबह करंट के चपेट में आ गई। करंट लगने से गाय की मौके पर मौत हो गई। करंट लगने से एक महिला भी झुलस गई। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव के साहबराम ने बताया कि चक हरिपुरा के वार्ड 5, नहर के पास करीब 35 से 40 साल पुराने बिजली के तार गुजर रहे हैं। जो कई बार टूट चुके हैं।

भाजपा के जनआक्रोश महाघेराव में कांग्रेस सरकार के कुशासन व जंगलराज के विरुद्ध रोष जताया

कांग्रेस सरकार के राज में बालोतरा जिला अपराध की नगरी बन गया है : राठौड़

बालोतरा, (निसं)। भाजपा द्वारा आयोजित जनआक्रोश महाघेराव में हजारों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व आमजन ने उपस्थित रहकर कांग्रेस सरकार के कुशासन व जंगलराज के विरुद्ध अपना रोष व्यक्त किया। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र दवे ने बताया कि महा घेराव सभा को सम्बोधित करते हुए विधानसभा प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस सरकार के काले कारनामें खुलकर जनता के सामने रखे और उन्होंने कहा कि काँग्रेस सरकार के राज में बालोतरा जिला अपराध की नगरी बन गया है,जहां एक ओर आमजन पानी व बिजली की समस्या से परेशान है वहीं आए दिन होने वाले अपराध से जनता भयभीत है, जिसकी वजह से आज हजारों की संख्या में जनता ने उपस्थित रहकर अपना दुख व रोष जताया है जो कि अत्यंत ही सोचनीय है, ऐसे कारनामों से ये सरकार अब कुछ दिन की मेहमान है। जन आक्रोश महा घेराव के जिला संयोजक गोविन्द सिंह कालूड़ी ने कहा कि जन आक्रोश महा घेराव को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बालोतरा में भाजपा की ओर से आयोजित जन आक्रोश महाघेराव कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रानिवाड़ा विधायक नारायण देवल, जालौर सिरोही सांसद देवजी पटेल सहित बालोतरा जिला अध्यक्ष बाबुसिंह राजगुरु, पूर्व राजस्व मंत्री अमराराम चौधरी, सोशयल मिडिया प्रदेश प्रभारी जोगेंद्र सिंह राजपुरोहित, प्रदेश मंत्री केके विश्नोई, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, बाड़मेर जिला प्रभारी पूर्व आहोर विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित, पूर्व जिला अध्यक्ष बालोतरा महेश बी चौहान, सिवाना पूर्व विधायक कानसिंह कोटडी, उप जिला प्रमुख खेताराम कालमा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणपत बांठिया, वरिष्ठ नेता भवानी सिंह टापरा, भजन गायक प्रकाश माली ने भी सम्बोधित करते हुए कांग्रेस राज में बढ़ते अपराध, रिश्वतखोरी,पेपर लीक, बिजली व पानी की समस्या, भृष्टाचार,दलित अत्याचार व आए दिन होने वाले महिला उत्पीड़न व बलात्कार जैसी शर्मसार करने वाली घटनाओं से आमजन को अवगत करवाया।

- **कार्यक्रम के अंतर्गत कई सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की**

कार्यक्रम के अंतर्गत कई सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें किशोर सिंह राजपुरोहित पूर्व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, तिलोक राम चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, मेघराज बोस अध्यक्ष मेघवाल संघर्ष समिति, गजेंद्र जोगसन अध्यक्ष मेघवाल युवा संघर्ष समिति, आइदान गुरलिया, उगराराम जाखड़, आइराम भाँभू, अमराराम भादू, कमलाराम भील, लादूराम तेतरवाल, डॉक्टर खेताराम गुरलिया सहित कई कार्यकर्ताओं को प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ ने दुप्पट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई और कहा कि अब प्रदेश बदलाव की ओर अग्रसर है। सभा के बाद हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर मुख्य मंत्री के नाम का ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी विवेक व्यास को सौंपा।

इस अवसर पर बाड़मेर जिला अध्यक्ष स्वरूप सिंह खारा, पूर्व विधायक जालम सिंह रावलोत,नगर परिषद सभापति सुमित्रा जैन,स्वरुप सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह राठौड़, दिलीप पालीवाल, गुड़ामालानी प्रधान बिजलाराम, समदड़ी प्रधान संतोष जीनगर, प्रधान लेहरो देवी, पूर्व सभापति पारस भंडारी, पूर्व सभापति प्रभा सिंघवी, नगर मंडल अध्यक्ष अमराराम सुंदेशा, पूर्व प्रधान हरिसिंह उमरलाई, जन आक्रोश रैली के पचपदरा विधान सभा संयोजक झूमर लाल सार्जेन्ट, गुडामालानी विधानसभा संयोजक सुखराम विश्नोई, राणा कुलदीप सिंह,गोमाराम लेगा, वीरसिंह सैला, समीम खान, प्रियंका चौधरी, बाड़मेर पूर्व जिला अध्यक्ष आदुराम मेघवाल, खुमान सिंह सोढा सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता सहित हजारों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे। मंच संचालन जिला महामंत्री भरत मोदी व सुखदेव जीनगर ने किया।